हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

11 जुलाई 2026, समय 18:10

<u>मुख्य समाचार :-</u>

1. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज स्वदेशी स्टील्थ फ्रिगेट, आई.एन.एस. महेंद्रगिरि को नौसेना के पूर्वी बेड़े में शामिल किया।

2. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पूरे समाज से एकजुट होकर नशों और नशा फैलाने वालों के विरूद्ध जन-आंदोलन खड़ा करने का आह्वान किया।

3. हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री ने भिवानी में वेलनेस सेंटर और फिजियोथेरेपी केंद्र का लोकार्पण किया।

4. कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा - हिसार को जल्द जाम मुक्त किया जाएगा।

5. फरीदाबाद और कुरुक्षेत्र मे विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रगति का जायजा लेने के लिए बूथों का निरीक्षण किया गया।

6. थानेसर 104 नंबर बूथ पर गैरहाजिर पाए गए बीएलओ को कुरुक्षेत्र के उपायुक्त ने निलंबित किया।

---

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज विशाखापट्टणम में स्वदेशी स्टील्थ फ्रिगेट, आई.एन.एस. महेंद्रगिरि को नौसेना के पूर्वी बेड़े में शामिल किया।यह युद्धपोत, भारत की बढ़ती समुद्री शक्ति और स्वदेशी रक्षा क्षमता का परिचायक है।

श्री सिंह ने कहा कि आईएनएस महेंद्रगिरि में 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी घटकों का इस्तेसमाल हुआ है। उन्होंने कहा कि यह युद्धपोत अत्याकधुनिक स्वदेशी हथियारों से सुसज्जित है। इससे हिंद महासागर में भारत की समुद्री ताकत और बढ़ेगी।

<u>*जब देश की सुरक्षा पर बात आती है, तो हमारी कन्वेंशनल और मॉडल्डस दोनों क्षमताएं मिलकर कैसे एक साथ काम करती हैं। ऑपरेशन सिंदूर अपने आप में इसका बहुत ही सटीक उदाहरण है। हमारी आर्म फोर्सेस ने उस ऑपरेशन के दौरान यह दिखाया कि भारत अब न केवल अपनी रक्षा करने में, बल्कि आवश्यकता पड़ने पर निर्णायक उत्तर देने में और दुश्मनों का समूल नाश करने में भी पूरी तरह से सक्षम है।*</u>

---

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज 'नशा मुक्त हरियाणा के लिए पंचकूला में 'हरियाणा उदय' अभियान के तहत गैर सरकारी संगठनों एवं केमिस्ट संगठनों के साथ संवाद' किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नशा केवल कानून-व्यवस्था की चुनौती नहीं, बल्कि समाज, परिवार, संस्कृति और राष्ट्र निर्माण से जुड़ा अत्यंत गंभीर विषय है। सरकार कानून बनाकर और पुलिस कार्रवाई कर नशे के कारोबार पर अंकुश लगा सकती है, लेकिन अगर पूरा समाज एकजुट होकर जन-आंदोलन खड़ा करे तभी नशा फैलाने वाले लोगों पर अंकुश लगेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य लेकर देश आगे बढ़ रहा है। इस लक्ष्य की प्राप्ति तभी संभव है, जब देश और प्रदेश का युवा नशे से मुक्त होकर अपनी ऊर्जा राष्ट्र निर्माण में लगाए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त हरियाणा केवल एक सामाजिक अभियान नहीं, बल्कि विकसित हरियाणा और विकसित भारत के निर्माण की मजबूत आधारशिला है। कार्यक्रम में आए सभी लोगों को नशा न करने की शपथ भी दिलाई गई ।

---

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने आज भिवानी में महम रोड पर जगन्नाथ सर्राफ वेलनेस सेंटर एवं हरियाणा योग प्राकृतिक चिकित्सालय परिसर में नवनिर्मित फिजियोथेरेपी केंद्र का लोकार्पण किया।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को जींद से भिवानी और महेंद्रगढ़ जिला के कोरियावास को नए मेडिकल कॉलेज का शुभारंभ करेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में प्रदेश को और अधिक बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी।

---

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा है कि हिसार को जल्द जाम मुक्त किया जाएगा। सरकार द्वारा गठित विशेष समिति की पांचवी बैठक में इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की गई है।

उन्होंने कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने की दिशा में लक्ष्मी बाई चौक से टाऊन पार्क तक सड़क को छ मार्गीय किए जाने की महत्वाकांक्षी परियोजना की सभी बाधाएं दूर हो गई हैं।उन्होंने कहा कि अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने के बाद 3 करोड़ 8 लाख 56 हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति भी प्राप्त हो गई है।

हिसार के बस अड्डे की जगह बदलने को लेकर उन्होंने कहा जमीन हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द ही इसे शहर से बाहर भेजा जाएगा।

-----------------------------------------------------------------------------------------

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत अंबाला मंडल के चार रेलवे स्टेशन मोहाली, अंब अंदौरा, आनंदपुर साहिब और कालका, उद्घाटन के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मंडल रेल प्रबंधक विनोद भाटिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने जींद दौरे के दौरान इन चार स्टेशन का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन कर सकते हैं। इस लिए आज अधिकारियों के साथ इन स्टेशन का निरीक्षण किया गया है। उन्होंने बताया कि अंबाला रेल मंडल में लगभग 15 अमृत भारत स्टेशन बनाये जा रहें हैं।

-----------------------------------------------------------------------------------------

फरीदाबाद जिले की अतिरिक्त उपायुक्त अंजलि श्रोत्रिया ने आज भारत निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण –एसआईआर अभियान की प्रगति का जायजा लेने के लिए ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों -बीएल से गणना प्रपत्र के संग्रहण, डिजिटलीकरण और पोर्टल पर अपलोड की स्थिति की जानकारी ली और सभी कार्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पारदर्शिता, शुद्धता और निर्धारित समय सीमा में पूरे करने के निर्देश दिए।

मीडिया से बातचीत में अतिरिक्त उपायुक्त ने मतदाताओं से समय रहते फॉर्म जमा करने की अपील की।

-----------------------------------------------------------------------------------------

कुरुक्षेत्र के जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने आज विशेष गहन पुनरीक्षण -एसआईआर के तहत चल रहे कार्य की समीक्षा के लिए विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान अपने मतदान केंद्र पर गैरहाजिर पाए गए थानेसर विधानसभा के 104 नंबर बूथ के बीएलओ को निलंबित कर दिया।

श्री विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि इस बूथ पर दूसरे बीएलओ को नियुक्त किया गया है।

---

हरियाणा सरकार के आग लगने की घटनाओं से बचने के लिए चलाए जा रहे जन-जागरूकता अभियान के तहत आज पलवल जिला अग्निशमन विभाग द्वारा रसूलपुर चौक स्थित कोचिंग संस्थानों में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

मॉक ड्रिल का नेतृत्व कर रहे अग्निशमन विभाग के उप अग्निशमन अधिकारी नवीन पाल ने बताया कि आज दो कोचिंग संस्थानो मित्तल क्लासेस एवं आकाश इंस्टीट्यूट में मॉक ड्रिल की गई। संस्थानों के प्रबंधन, शिक्षकों एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने इसमें भाग लेकर अग्नि सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की। विद्यार्थियों को अग्निशामक यंत्र का सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग भी सिखाया गया।

उन्होंने कहा कि दोनों कोचिंग संस्थान अग्नि सुरक्षा प्रबंधों को लेकर जागरूक दिखे।

---